# ... और पांढुरना में दिन भर होती रही पत्थरों की बरसात

## पांढुरना पक्ष के योध्दा झंडा तोड़ने में रहें सफल,खूनी खेल में 1326 घायल,आठ गंभीर नागपुर रेफर

( लक्ष्मीकांत ढोके )

***पांढुरना, 11 सितंबर.सदियों से चली आ रहीं परंपरा के तहत पांढुरना में शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेला मनाया गया, पूरे दिन दोनों ही पक्ष के लोगों ने बड़े ही जोश और जुनून के साथ एक-दूसरे पर आमने-सामने से कि गयी इस पत्थरबाजी में दोनों ही पक्षों के कुल 1326 लोग घायल हुए जिसमें पांढुरना पक्ष के 797 तथा सावरगांव पक्ष के 529 लोग घायल हुए है,जिसमें आठ गंभीर रूप से घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया, वहीं 06 लोगों को नगर जिला मुख्यालय के चिकित्सालय में ही भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।***

सदियों पूरानी परंपरा के अनुरूप महाराष्ट्रीयन कृषकों के पोला त्यौहार के दूसरे दिन अर्थात आज 11 सितंबर शुक्रवार को यह गोटमार मेला अपनी धार्मिक आस्था,विश्वास एवं उत्साह के साथ पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के मध्य से प्रवाहित होने वाले जाम नदी के राधा कृष्ण मंदिर वाले क्षेत्र में मनाया गया। गोटमार मेला,मेला न होकर एक तरह का युद्ध है,इसमें कोई दो या चार लोग,दो या चार घंटे नहीं बल्कि सैकड़ों लोग सूर्योदय से सूर्यास्त तक जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की मौजूदगी में एक-दूसरे पर आमने-सामने से पत्थर मार विपक्षी योद्धाओं को खून से लहूलुहान करते है,इस मेले को पहली बार देखने वाले बहुत अधिक आश्चर्य चकित होते रहे।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर प्रतिष्ठित नागरिकों की मौजदूगी में आज सूर्योदय के पूर्व ही गोटमार स्थल पर जाम नदी के बिचों - बिच कावले परिवार द्वारा अपनी परंपराओं का निर्वाह करते हुए पलाश वृक्ष रूपी झंड़े को पूरे रिती-रिवाजों के साथ गाड़ा गया,तत्पश्चात सर्व प्रथम सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने अपने-अपने मन्नतों के अनुरूप गोटमार स्थल पर पहुंचकर झंड़े की पुजा-अर्चना कर निशान तथा चढ़ावा चढ़ाया,इस पूजा में नन्हें-मुन्हें बच्चें,महिलाए,पुरूष,वृध्द सभी का समावेश था। यह सिलसिला सुबह 10 बजे तक इसी प्रकार चलते रहा,इस दौरान कोई भी एक दुसरे पर पत्थर नहीं फेंकते। इसके बाद सुबह लगभग 10.25 मिनंट पर सर्वप्रथम युवाओं की उत्साही डोलियों ने बड़े ही जोश और जुनून के साथ एक-दुसरे पर पत्थरों से प्रहार शुरू करते हुए गोटमार मेले का शुभारंभ किया।



### प्रशासन का दावा 1326 लोग हुए घायल

वहीं प्रशासन द्वारा आज हुई इस गोटमार में दोनों ही पक्षों के कुल 1326 लोग घायल होना बता रहे है, वहीं पत्थरों के इस प्रहार से नगर के सावरगांव वार्ड के संजय हरिशचंद्र धारपुरे 30,सचिन अशोक हाटेकर 38 राधा कृष्ण वार्ड,नितीन भादे सावरगांव 33,प्रहलाद साहू पांढुरना 48,सचिन नासरे 33 जलाराम वार्ड आदि को गंभीर रूप से घायल होने पर इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया है। जिसकी हालत गंभीर बताई जा रहीं है। वहीं अन्य 06 घायलों को नगर के शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कर इनका उपचार किया जा रहा है।



### विधायक नीलेश उइके ने भी जमकर खेला गोटमार



अपने मृदभाषी, धार्मिक, सांस्कृति,सादगी वाले स्वभाव के चलते हर किसी आयु वर्ग के लोगों के चहिते क्षेत्रिय विधायक नीलेश उइके ने भी शुक्रवार को नगर के आयोजित विश्व प्रसिध्द गोटमार मेले में पहुंचकर खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने के साथ जमकर पत्थबाजी कर गोटमार भी खेली तथा इसका लुफ्त उठाया। विधायक को अपने साथ गोटमार खेलता देख दोनों ही पक्ष के लोग बहुत अधिक उत्साहित दिखाई दे रहे थे।उल्लेखनीय हो कि अपने सरल तथा मिलनसार स्वभाव के चलते निलेश उइके की क्षेत्रवासियों में अपनी एक अलग ही छबी बनी हुई,यह हर किसी आयु वर्ग के लोगों में इस तरह घूल मिल जाते है मानो यह इनके पुराने सहपाठी साथी ही हो,अपने मधुर तथा शीतल स्वभाव के चलते वह कम समय में ही क्षेत्रवासियों के सबसे चहेते विधायक बने हुए है। ज्ञातव्य हो कि विधायक नीलेश उइके द्वारा इस गोटमार मेले को सदियों से चली आ रहीं परंपरा के अनुसार ही मनाए जाने के पक्ष में रहे है। यहां तक की आज शुक्रवार को स्वयं विधायक नीलेश उइके ने गोटमार स्थल पर पहुंचकर गोटमार खेलने वाले खिलाडियों को उत्साह बढ़ाने हेतू कई घंटे तक जमकर पत्थरबाजी भी कि इसके बाद इन्होंने मेला स्थल पर घूमते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के साथ ही उनसे बात की इस दौरान कई लोगों ने अपनी-अपनी समस्या भी इन्हें बताई,जिसे ध्यान से सुनते हुए इसका निराकरण करने का भी आश्वासन दिया।

### प्रशासन के सख्त हिदायत के बाद भी जमकर चली गोफन

वहीं सावरगांव तथा पांढुरना पक्ष वाले एक-दूसरों पर शाम 4 बजे के बाद से गोफन चलाने का आरोप लगाते सुनाई दे रहे थे। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने भी दोनों ही और से कई योद्धाओं को गोफन का उपयोग करते हुये देखा,हालांकि प्रशासन द्वारा इस गोटमार मेले में गोफन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया था . तथा गोफन चलाते पकड़ जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात प्रशासन के आला अधिकारियों द्वारा प्रत्येक बैठक में कहीं थी,अब सभी कि निगाहे प्रशासन के उन आला अधिकारियों पर टिकी है कि वे गोफन चलाने वाले कितने लोगों पर सख्त कार्रवाई कर पाती है,या फिर हमेशा की तरह ही यह बात भी एक वर्ष के लिए सिर्फ फाइलों में ही बंद होकर रह जाएंगी ।गौरतलब हो कि दो रस्सियों को मिलाकर दोनों के बिचों-बिच पत्थर को रखने छोटी- छोटी रस्सियों से बनाया जाने वाले इस देहांती गोफन में पत्थर को रखकर उसे घुमा कर फेंकने पर पत्थर अधिक तेजी से दूर-दूर तक जाकर गिरता है तथा इसके बीच में आने वालों पर यह पत्थर बंदूक की गोली की तरह ही प्रहार करता है ।प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी गोटमार में गोफन का उपयोग बहुत अधिक हुआ है । जिसकी वजह से ही इतने अधिक लोग घायल हुए है ।

### पांढुरना पक्ष ने 6.03 मिनट पर तोड़ा झंडा

अपनी परंपरा अनुसार इस वर्ष भी सावरगांव पक्ष वालों द्वारा नदी में झंडे के स्वरूप में लगाए पलाश वृक्ष रूपी झंड़े को पांढुरना पक्ष वाले तोडने् तो वहीं सावरगांव पक्ष वाले इस बचाने के लिए पूरे दिन प्रयास करते रहें,अंत:शाम 6:03 मिनट पर पांढुरना पक्ष वाले अपने सम्मान के इस प्रतिक झंड़े को तोडने् में सफल हो गए,लेकिन इस नदि में से निकालकर ले जाने में पांढुरना पक्ष वालों को काफी मश्कत करनी पडी,जैसे ही पांढुरना पक्ष वाले इस झंड़े को ले जाने के लिए आगे बढ़ते उसी दौरान सावरगांव पक्ष के घात लगाकर बैठे युवाओं द्वारा इन पर पत्थरों से हमला कर देते थे,यह सिलसीला लगभग एक घंटे तक इसी तरह चलता रहा,लगभग 7:20 तक चली इस कश्मकश के बाद अंत:दोनों ही पक्षों ने आपसी सहमती से झंडा नदी में से निकालकर किले पर स्थित मां चंडिक़ा के दरबार में लेकर समर्मित करते हुए पुजा अर्चना कर गोटमार मेले का समापन किया गया ।

### ग्राम पेंढोनी के साहसी युवक ने तोड़ा झंडा

इस वर्ष गोटमार मेले में जाम नदि के बीचों-बीच लगाए गए इस पलास वृक्ष रूपी झंडे को पांढुरना विकासखंड के अंतिम छोर पर महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम पेंढ़ोनी निवासी प्रज्वल तुमडाम द्वारा अपने सहपाठी साथियों के साथ मिलकर शाम 6:30 बजे तोड़कर नीचे नदी में गिरा दिया गया।

### सुबह से शाम तक लोगों ने उठाया गोटमार मेले का लुफ्त

इस विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेला को देखने के लिए पांढुरना जिले के सौसर, पांढुरना, नांदनवाडी तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के साथ ही पडोसी जिले छिंदवाड़ा,बैतूल,सिवनी सहित सीमावर्ती महाराष्ट्र प्रदेश नागपुर, सावनेर ,वरुड, मोर्शी ,अमरावती आदि क्षेत्रों से बडी संख्या में लोग यहां पहुंचे थे,उन्होंने नदि के दोनों और तटों के साथ ही यहां के उचे-उचे मकानों के छतों पर खडे होकर इस गोटमार मेले में दोनों पक्षों के सैकड़ों लोगों को एक दूसरे को आमने-सामने से पत्थरों से मारते देख गोटमार मेले का लुफ्त उठाया।

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों से भाषा ज्ञान और करियर को लेकर किया संवाद

## हिंदी-अंग्रेजी के अखबार नियमित पढ़ने, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की दी सीख



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 सितंबर. कलेक्टर हरेंद्र नारायन और पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने शुक्रवार को शासकीय विद्यालय अतरवाड़ा का निरीक्षण किया। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं के समाचार पत्र उपलब्ध पाए जाने पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया ।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने कक्षा 11वीं कला संकाय के विद्यार्थियों से सहज और आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संविधान, विभिन्न अनुच्छेदों, मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे और उनके ज्ञान का आंकलन किया। विद्यार्थियों द्वारा अधिकांश प्रश्नों के सही उत्तर दिए जाने पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विषय शिक्षक को विद्यार्थियों का और अधिक उन्मुखीकरण करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी विषय से जुड़े प्रश्नों का उत्तर बिना झिझक और पूरे आत्मविश्वास के साथ दे सकें। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों की भी जानकारी होना आवश्यक है, अपने अंदर वैज्ञानिक भावना को विकसित करना भी इसमें शामिल है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने की सीख दी और प्रतिदिन हिंदी के साथ अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सावधानी से करने की सीख

पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन एवं इंटरनेट का उपयोग करते समय पूरी सावधानी बरतने की समझाइश दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय ने विद्यार्थियों से कहा कि परिवार के किसी सदस्य के साथ सड़क दुर्घटना होने पर उसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है और बच्चों का जीवन भी कठिनाइयों से भर सकता है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने माता - पिता, भाई, बहन और परिजनों से जिद करें, उन्हें समझाएं और हमेशा हेलमेट लगाकर ही दोपहिया वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें।

### जिले में अभी तक 710.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा,11 सितंबर .** जिले की सामान्य औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 710.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 905.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 11 सितंबर 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 2.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है ।अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 11 सितंबर 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील तामिया में 06, अमरवाड़ा में 01, परासिया में 5.4, जुन्नारदेव में 4.2 और उमरेठ में 09 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 408.0, मोहखेड़ में 499.9, तामिया में 933.2, अमरवाड़ा में 664, चौरई में 709.6, हर्रई में 1020.8, बिछुआ में 588.9, परासिया में 509.6, जुन्नारदेव में 735.2, चांद में 746.7 और उमरेठ में 879.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# चोरों ने एक ही रात कई गाड़ियों को बनाया निशाना

▸ कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनपुर मल्टी का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 सितंबर. सोनपुर मल्टी में चोरी की सानपुर घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, सुबह लोगों ने अपनी कारों की जांच की तो कुछ वाहनों से साउंड सिस्टम और बैटरियां चोरी मिलीं।**

इसके अलावा ऑटो और चाबी बनाने वाली मशीन भी चोरी होने की बात सामने आई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फिलहाल मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। पुलिस द्वारा घटनास्थल की जांच कर चोरी हुए सामान और घटना से जुड़े सुराग जुटाए जा रहे हैं। चोरी कितने वाहनों से हुई और कुल कितने सामान की चोरी हुई है, इसकी स्पष्ट जानकारी पुलिस जांच के बाद सामने आएगी। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि लाखों रुपए की सामग्री पर चोरों ने हाथ साफ किया है।



### देर रात बनाया गाड़ियों को निशाना

स्थानीय निवासियों का कहना है कि देर रात तक वह परिवार सहित घर के बाहर बैठे थे। जबकि 2 बजे के बाद ही चोरों ने गाड़ियों को निशाना बनाया है। पीड़ित चोरी का पहला मामला नहीं है। अज्ञात चोरों द्वारा यहां पर पहले भी गाड़ियों से लोगों ने बताया कि चोरों ने गाड़ियों के लॉक तोड़ने के लिए चाकुओं का भी इस्तेमाल किया है। जो मौके पर देखी गई है। पेट्रोल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है।

# 164 घरों में एडीज मच्छर के लार्वा का किया गया सर्वे

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 सितंबर. जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर के आदेशानुसार डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से आज वार्ड क्रमांक-41 स्थित पंचशील कॉलोनी, साउथ सिविल लाइन के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 एवं 02 में विशेष जागरूकता एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में शासकीय होम्योपैथी औषधालय छिंदवाड़ा की चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता मसराम द्वारा डेंगू से बचाव के लिए होम्योपैथिक औषधि यूपीटोरियम-200 का वितरण किया गया। साथ ही डेंगू पॉजिटिव मरीजों एवं उनके परिवारजनों को भी औषधि प्रदान कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इस दौरान मरीजों को संक्रमण के प्रसार की रोकथाम के लिए आइसोलेशन में रहने की सलाह भी दी गई। औषधि वितरण कार्य में धीरेंद्र तिवारी एवं सुश्री कविता उईके का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान नागरिकों को डेंगू से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए घरों में रखे पानी के कंटेनरों, कूलरों, फ्रिज ट्रे, टांकों, टंकियों एवं अनुपयोगी टायरों की नियमित जांच करने की सलाह दी गई।



### कुएं में गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**छिंदवाड़ा.** जिला अस्पताल में उपचारत एक बुजुर्ग महिला ने आज दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की विवेचना के लिए मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। अस्पताल चौकी से अनुसार मोहखेड़ थाना सोहनपुर अंतर्गत निवासी 75 वर्षीय कचरा बाई पति बाबूलाल की आंखों की रोशनी कमजोर थी। जिसके चलते गांव के ही एक सूखे कुएं में वह गिर गई। जिसके चलते उसे गंभीर चोटें आ गई। परिजनों द्वारा बुजुर्ग महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

# डेंगू नियंत्रण से बचाओ के लिए वितरित की होम्योपैथिक औषधि

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 सितंबर. डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शहर में स्वास्थ्य विभाग के 6 दल द्वारा वार्ड नं 29 में 164 घरों में एडीज मच्छर के लार्वा का सर्वे किया गया। इनमें 14 घरों में पाए गए एडीज के लार्वा का नष्टीकरण किया गया।**



जनसमुदाय से अपील है की अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज ,टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहे, व खाली कर सफाई कर दे। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जावे, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करे, शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करे। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जिला चिकित्सालय /छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में डेंगू एलिसा टेस्ट नि:शुल्क कराए।

# अवैध कॉलोनियों पर निगम आयुक्त ने की सख्ती

## पोआमा में मां पीतांबरा डेवलपर्स एवं वार्ड 25 में अवैध कॉलोनी निर्माण पर थमाया नोटिस




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 सितंबर. बिना अनुमति अवैध कॉलोनी निर्माण एवं नागरिकों को गुमराह कर भूखंड विक्रय करने वालों के विरुद्ध निगम आयुक्त सीपी राय के निर्देश पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी है।**

इसी क्रम में पोआमा एवं वार्ड क्रमांक 25 में बिना अनुमति अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित करने पर संबंधित डेवलपर्स एवं भूमि स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मौजा पोआमा स्थित खसरा क्रमांक 119/2 भूमि पर मां पीतांबरा डेवलपर्स के राजकुमार बरपेटे द्वारा आम नागरिकों को भ्रामक जानकारी देकर तथा कॉलोनी को वैध बताकर अनाधिकृत रूप से कॉलोनी का निर्माण व भूखंडों का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। वहीं वार्ड क्रमांक 25 में भी श्रीमती काशीबाई विश्वकर्मा द्वारा बिना सक्षम अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों का पालन किए बिना अवैध कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा है।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोनों मामलों में नियमों का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया है, जिस पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त सीपी राय के निर्देश पर संबंधितों को नोटिस जारी कर तय समय-सीमा में जवाब तलब किया गया है। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि नोटिस का निर्धारित समय में समाधानकारक उत्तर प्रस्तुत न करने अथवा सक्षम अनुमति न पाए जाने पर संबंधित भूमि स्वामियों एवं डेवलपर्स के विरुद्ध कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित करते हुए पुलिस थाने में एएफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ आज प्रात: 10 :30 बजे से

**छिंदवाड़ा.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशांत हुद्दार की अध्यक्षता में 12 सितंबर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित ए.डी.आर. भवन छिन्दवाड़ा में प्रात: 10:30 बजे नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है । जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के राकेश सिंह ने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589